पंजाब केसरी 27/08/2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज़ के राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर हुआ मैंटरशिप सत्र

अम्बाला, 26 अगस्त (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के एन.ई.पी. 2020 सैल द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विषय पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों के लिए एक मैंटरशिप सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नई प्रणाली की जरूरतों को समझने और समावेशी एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित करना था।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों को नई शिक्षा नीति की अवधारणाओं और बदलती शिक्षा प्रणाली की आवश्यकताओं को समझने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के युग में शिक्षकों को विभिन्न विषयों के बीच बहुविषयक दृष्टिकोण अपनाने के लिए तैयार रहते हुए छात्रों को एक समग्र ज्ञान प्रदान करना ही इस नीति का उद्देश्य है।



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर प्राध्यापकों को संबोधित करते परीक्षा निदेशक डा. सुरेंद्र कुमार। (चंद्रमोहन)

कार्यशाला के प्रमुख वक्ता महाविद्यालय के परीक्षा निदेशक डा. सुरेंद्र कुमार ने शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों से अवगत करवाया। उन्होंने अध्यापकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप स्वयं को ढालने और आधुनिक शिक्षण विधियों से लैस होने के तरीके बताने के साथ ही इस नीति के अंतर्गत आने वाले चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, बहु प्रवेश एवं बहु निकास आदि विषयों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने आंतरिक मूल्यांकन के लिए आवश्यक मिड सेमेस्टर टैस्ट, असाइनमैंट, कक्षा में उपस्थिति आदि के विषय में भी शिक्षकों को बताया।

एन.ई.पी. 2020 सैल की संयोजिका डा. ज्योति सौरोत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय मूल्यों पर आधारित एक ऐसा शिक्षा तंत्र है जो विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने में मदद कर रही है। हालांकि यह शिक्षा नीति एक दूरदर्शी योजना प्रस्तुत करती है, लेकिन इसके सफल क्रियान्वयन में कई चुनौतियां हो सकती हैं। इस अवसर पर डा. पिंकी गुप्ता, डा. गीता कौशिक, प्रो. राजिंद्र मीरवाल एवं प्रो. निकांशी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।